महत्वपूर्ण

संख्या : 3672/सोलह-1-2016-14(63)/2015

प्रेषक,

अवध किशोर,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
बांदा।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 17 अक्टूबर, 2016

विषयः राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.9.2016 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा की प्रशासकीय परिषद की मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग एवं अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अध्यक्षता में दिनांक 15.9.2016 को सम्पन्न बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित करने का मुझे निदेश हुआ है।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

( अवध किशोर )
अनु सचिव

# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
# अतर्रा, बांदा (उ0प्र0)

(पूर्ववर्ती डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजी0 कालेज आफ इनफारमेशन टेक्नो0, बांदा)

## प्रशासकीय परिषद (द्वितीय बैठक) का
## कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | द्वितीय |
| दिनाँक | : | 15 सितम्बर, 2016 (गुरूवार) |
| समय | : | 12.00 बजे (मध्यान्ह) |
| स्थान | : | कार्यालय कक्ष<br>माननीय मन्त्री प्राविधिक शिक्षा<br>कक्ष संख्या–92बी, मुख्य भवन,<br>उ0प्र0 सचिवालय, उत्तर प्रदेश शासन<br>लखनऊ। |

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा की प्रशासकीय परिषद की द्वितीय बैठक माननीय मंत्री प्रविधिक शिक्षा उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक:15.09. 2016 को आहूत हुई जिसका उपस्थिति विवरण निम्न है –

उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 फरीद महफूज किदवई<br>माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती मोनिका0 एस0 गर्ग<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्रीमती शीतल वर्मा<br>विशेष सचिव (वित्त) | सदस्य |
| 4. | श्री अजय कुमार सिंह<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय<br>कानपुर | सदस्य |
| 5. | प्रो0 जी0 एन0 पाण्डेय<br>कुलपति, अरूणाचल विश्वविद्यालय<br>अरूणाचल प्रदेश | सदस्य |
| 6. | प्रो0 सुरेश कुमार<br>प्रोफेसर, किंग जार्ज मेडिकल यूनिर्वसिटी,<br>लखनऊ | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मसूद आलम फसाही<br>ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी, फारसी<br>विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एम0 एम0 गोरे<br>एन0 आई0 टी0, इलाहाबाद | सदस्य |
| 9. | श्री नागेन्द्र गोयल<br>प्रबंध निदेशक<br>वी0 आई0 पी0 एस0 सिस्टम<br>नई दिल्ली | सदस्य |
| 10. | प्रो0 वी0 के0 सिंह<br>प्रति कुलपति ,डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ | विशेष आमंत्रित |
| 11. | श्री अवध किशोर<br>अनुसचिव | विशेष आमंत्रित |
| 12. | श्री सुधीर कुमार जैन<br>वरिष्ट वित्त एवं लेखधिकारी | विशेष आमंत्रित |
| 13. | प्रो0 डी0 एस0 यादव<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बाँदा | सदस्य–सचिव |

D. S. Yadav

| मद सं0 | विवरण |
|---|---|
| J2:01 | **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 07.07.2009 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**<br><br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक: 07.07.2009 को सम्पन्न प्रथम बैठक के कार्यवृत पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पडी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुये परिषद द्वारा कार्यवृत पुष्टीकरण किया गया।<br><br>परिषद के द्वारा 07.07.2009 के उपरान्त लगभग सात वर्ष तक परिषद की बैठक न कराये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि वर्ष में कम से कम तीन बैठकें अवश्य करायी जाए। |
| 02:02 | **सोसाइटी की दिनांक 06.02.2010 एवं 23.09.2015 की बैठकों के कार्यवृत्त से अवगत कराये जाने के संबंध में।**<br><br>उक्त मद को वापस लिया गया। |
| 02:03 | **संस्थान में निदेशक पद पर की गयी नियुक्ति की सूचना से परिषद को अवगत कराना।**<br><br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बाँदा के प्रथम निदेशक प्रो0 डी0 एस0 यादव की नियुक्ति की सूचना से अवगत हुई एवं परिषद के द्वारा उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 02:04 | **संस्थान के नाम परिवर्तन की सूचना से परिषद को अवगत कराना।**<br><br>डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजी0 कालेज आफ इनफारमेशन टेक्नो0, बांदा का नाम "राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बांदा" परिवर्तित किये जाने पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 02:05 | **संस्थान के प्रतीक चिन्ह (Monogram) से परिषद को अवगत कराना।**<br><br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बांदा के प्रतीक चिन्ह एवं प्रतीक वाक्य पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया एवं यह निर्देश दिया गया कि संस्था के नाम को अंग्रेजी में "RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE, BANDA" लिखा जाए। |
| 02:06 | **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों के अनुमोदन से परिषद को अवगत कराना।**<br><br>अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के द्वारा संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों के अनुमोदन की सूचना से परिषद अवगत हुई। |

D S Yadav

| | |
|---|---|
| 02:07 | **शासन के द्वारा संस्थान को विश्वविद्यालय से संवद्ध शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थान घोषित किये जाने पर परिषद का अनुमोदन।**<br><br>अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के द्वारा संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता/अनुमोदन प्रदान करने के फलस्वरूप शासन के शासनादेश संख्या-15/2016/3394/सोलह-1-2016-14(28)/2010 दिनांक: 26, अगस्त 2016 के द्वारा संस्थान को विश्वविद्यालय से सवंद्ध शासकीय अनुदानित अभियांत्रीकी संस्थान घोषित किये जाने पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 02:08 | **प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों में सदस्यों के नामांकन की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**<br><br>प्राशासकीय परिषद व अन्य समितियों में नामाकन की सूचना से परिषद अवगत हुई एवं परिषद के द्वारा उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 02:09 | **संस्थान में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर पदो के सृजन की सूचना से परिषद को अवगत कराना एवं स्वीकृत शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक विज्ञापन कर भर्ती किये जाने हेतु अनुमोदन।**<br><br>संस्थान में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर पदों के सृजन की सूचना से परिषद अवगत हुई। संस्थान की स्थापना के छः वर्ष में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर पदो के अभी तक न भरे जाने पर परिषद् द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। शासन द्वारा सृजित शैक्षिक पदो के सापेक्ष में प्रस्तुत विषयवार, पद निर्धारण व विभागवार/विषयवार आरक्षण का अनुमोदन प्रदान करते हुए परिषद द्वारा तत्काल विज्ञापन जारी करते हुए नियुक्ति की प्रकिया शीघ्र पूर्ण किये जाने पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया। परिषद के द्वारा निर्देश दिये गये कि एम0एन0एन0आई0टी0, इलाहाबाद द्वारा भेजे गये सुझाव को विभिन्न संस्थानों को प्रेषित करने तथा उनके कमेण्ट्स प्राप्त करके शासन द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरुप कार्यवाही के भी निर्देश दिये गये। |
| 02:10 | **संस्थान में अतिथि व्याख्याताओं के चयन किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराना।**<br><br>संस्थान में विभिन्न विभागो में अतिथि व्याख्याताओं के चयन किये जाने की सूचना से परिषद अवगत हुई। |
| 02:11 | **संस्थान में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की न्यूनतम आवश्यकताओं के आधार पर सेवा प्रदाता के माध्यम से रखे जाने के संबंध में अवगत कराना।**<br><br>संस्थान मे शिक्षणेत्तर कर्मचारियो की न्यूनतम आवश्यकताओं के आधार पर सेवा प्रदाता के माध्यम से रखे जाने के संबंध में परिषद अवगत हुई। |

D S yadav

| | |
|---|---|
| 02:12 | **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा (पूर्ववर्त्ती डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजी0 कालेज आफ इनफारमेशन टेक्नो0, बांदा) के खाता संचालन की सूचना।**<br><br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा के खाता संचालन की सूचना से परिषद अवगत हुई एवं परिषद के द्वारा उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 02:13 | **संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की आहूत बैठकों के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने के संबंध में।**<br><br>उक्त मद को वापस लिया गया। |
| 02:14 | **संस्थान के परिसर में सत्र 2015–16 एवं 2016–17 में हुए विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**<br><br>संस्थान के परिसर में सत्र 2015–16 एवं 2016–17 में हुए विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों से अवगत होते हुये परिषद के द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। |
| 02:15 | **उ0प्र0 शासन से वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में वेतन एवं अन्य मद तथा विकास कार्यों हेतु प्राप्त धनराशि एवं उसके उपयोग पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।**<br><br>उ0प्र0 शासन से वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में वेतन एवं अन्य मदों तथा विकास कार्यों हेतु प्राप्त धनराशि से अवगत होते हुए उक्त के उपयोग पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 02:16 | **संस्थान के वित्तीय वर्ष 2016–17 के आय–व्ययक के अनुमान/बजट प्रस्ताव का विश्वविद्यालय की 44वीं वित्त समिति से अनुमोदन की सूचना।**<br><br>संस्थान के वित्तीय वर्ष 2016–17 के आय–व्ययक के अनुमान/बजट प्रस्ताव के विश्वविद्यालय की वित्त समिति से अनुमोदन की सूचना से परिषद अवगत हुई। परिषद के द्वारा निर्देश दिये गये :–<br><br>1. पूर्व वर्षो में बचतो के हुयी धनराशि का आधा भाग संस्थान के कार्पस/एंडोमेन्ट फन्ड में रखा जाये एवं उक्त फन्ड के संचालन हेतु नीति विषय प्रस्ताव बनाया जाये।<br>2. पूर्व वर्षो मे हुई बचतों के आधे भाग को संस्थान के विकास कार्यो मे उपयोग किया जाये।<br>3. भविष्य में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में संस्था में कार्यरत शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों एवं छात्र/ छात्राओं के स्किल डेवल्पमेन्ट हेतु लगभग चालीस लाख रूपये का बजट प्रावधान किये जाये एवं इसकी कार्ययोजना पर शासन के स्तर से अनुमोदन प्राप्त किया जाए। |

| | |
|---|---|
| 02:17 | **संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के द्वारा स्वायत्तशासी संस्था बनाये जाने हेतु किये जा रहें प्रयासों से अवगत कराना।**<br><br>संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के द्वारा स्वायत्तशाषी संस्था बनाये जाने हेतु किये जा रहें प्रयासों तथा इस संदर्भ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की गाईड लाइनों से परिषद अवगत हुई। परिषद के द्वारा यह निर्देश दिये गये कि शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति के उपरान्त सत्र 2017–18 में (NBA) नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन/NAAC के द्वारा प्रत्यापन/मान्यता हेतु आवेदन किया जाये। तदोउपरान्त संस्था के स्थापना से 10 वर्ष होने पर सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को स्वायत्यशासी संस्था बनाये जाने हेतु आवेदन किया जाये। |
| 02:18 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।** |

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| (प्रो0 डी0 एस0 यादव)<br>निदेशक<br>एवं<br>सदस्य–सचिव,<br>प्रशासकीय परिषद | (श्रीमती मोनिका0 एस0 गर्ग)<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा<br>एवं<br>उपाध्यक्ष,<br>प्रशासकीय परिषद | (श्री फरीद महफूज किदवई)<br>माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्राविधिक शिक्षा<br>एवं<br>अध्यक्ष,<br>प्रशासकीय परिषद |